आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 16.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं और वीर माताओं को परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की घोषणा की।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा– युवा पीढ़ी के बल पर भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है।
- प्रदेश में तीन अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मृत्यु।
- मुख्यमंत्री ने लोगों से सौर ऊर्जा को अपनाकर उत्तराखंड को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देने की अपील की।

विजय दिवस–01

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं और वीर माताओं को परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा की घोषणा की। आज देहरादून में विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना हर क्षेत्र में सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही है। उन्होंने कहा कि भारत की शांति और सद्भावना को देश की ताकत समझना चाहिए, कमजोरी नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस बीच, चमोली, चंपावत, उत्तरकाशी समेत राज्य में विभिन्न स्थानों पर विजय दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। चंपावत के जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने लोहाघाट स्थित शहीद स्मारक पर अमर सैनिकों को पुष्पचक्र अर्पित किया और वीर सैनिकों व वीर नारियों को सम्मानित किया। पूर्व सैनिक

लीग के जिला अध्यक्ष कैप्टन जीएस देव ने बताया कि आज अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

विजय दिवस–02

विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आज 1971 के युद्ध के बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र उन वीर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करता है जिन्होंने इस दिन 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया था।

1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत की याद में आज पूरा देश विजय दिवस मना रहा है। युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जा रही है। युद्ध की समाप्ति के बाद पूर्वी पाकिस्तान का उदय बांग्लादेश के रूप में हुआ।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा है कि युवा पीढ़ी के बल पर भारत विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि युवा भारत को विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं, जो सभी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय ने नवाचारों, शोध और सामाजिक पहलों के चलते भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई है। राज्यपाल ने कहा कि बहुत जल्द भारत विश्व की पांचवीं से तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य की संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने के लिए प्राथमिक विद्यालयों में पठन–पाठन में कुमाऊंनी–गढ़वाली, जौनसारी बोलियों को लागू किया गया है। समारोह में 19 हजार 570 छात्र–छात्राओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक और उपाधियां प्रदान की गईं।

शीतकालीन यात्रा

ज्योतिर्मठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने आज शाम उत्तरकाशी के खरसाली से शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ किया। शीतकाल यात्रा के लिए यमुना जी के शीतकालीन प्रवास खरसाली गांव में मंदिर के साथ शनि महाराज के मंदिर को फूलों और विभिन्न लाइटों से सजाया गया है। इससे पहले मां यमुना के शीतकालीन गद्दीस्थल व मायके खरसाली गांव स्थित मां यमुना के भाई शनि सोमेश्वर देवता मंदिर के कपाट आज शीतकाल के लिए विधि विधान के साथ बंद कर दिए गए।

हादसे में तीन की मौत

प्रदेश में तीन अलग–अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि दो अन्य घायल बताए जा रहे हैं। हल्द्वानी में रामपुर रोड पर बेलबाबा के पास आज सुबह भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, हरिद्वार जिले के रुड़की और ज्वालापुर थाना क्षेत्र में हुए दो अलग–अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मृत्यु हो गयी, जबकि एक घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

"सौर कौथिग"

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों से सौर ऊर्जा को अपनाकर उत्तराखंड को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देने की अपील की है। आज देहरादून में ''सौर कौथिग'' का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला राज्य की ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास की दिशा में एक अनूठी पहल है। श्री धामी ने कहा कि अधिक से अधिक सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए नई सौर ऊर्जा नीति लागू की गई है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा नीति का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रोजगार देने के साथ ही स्वरोजगार से जोड़ना है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा जन जागरूकता के लिए चलाई जा रही सोलर वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

विज्ञान आओ

"विज्ञान आओ, करके सीखें" कार्यक्रम के तहत विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत चंपावत जिले के अटल आदर्श इंटर कॉलेज में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अगस्त्य फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रभारी दया शंकर ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को विज्ञान मॉडल के आधार पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि शिक्षक बच्चों को विज्ञान के प्रति प्रेरित कर सकें।

संचार सुविधा

पिथौरागढ़ जिले में व्यास घाटी के चीन सीमा से सटे छियालेख और अंतिम पोस्ट नाभीढांग में संचार सुविधा सुचारु कर दी है। संचार सुविधा सुचारू होने से आगामी आदि कैलाश यात्रा पर आने वाले यात्रियों को भी इसका लाभ मिलेगा और आदि कैलाश यात्री और स्थानीय पर्यटक ओम पर्वत के लाइव दर्शन अपने परिजनों को करा सकेंगे। बीएसएनएल के जेटीओ बृजवाल ने बताया कि गाला, पांगला, जयकोट सहित अन्य जगहों पर कुछ दिनों में संचार सुविधा सुचारू हो जाएगी। सीमा में लगे सभी 4 जी  मोबाइल टावर वीसेट से संचालित होंगे।

एम्स

ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स ने दूर–दराज के इलाकों में स्वास्थ्य कारणों के चलते आपात स्थिति में फंसे व्यक्ति की मेडिकल रिपोर्ट को देखने के लिए अब वाट्सएप नंबर 90 84 67 03 31 जारी किया है। इससे पूर्व एम्स ने हेली एंबुलेंस सेवा के लिए विगत दिनों टोल फ्री नंबर 18 00 18 04 278 जारी किया था। हेली एअर एंबुलेंस मेडिकल सेवा के नोडल अधिकारी डॉक्टर मधुर उनियाल ने बताया कि राज्य के दूर–दराज के इलाकों में स्वास्थ्य कारणों के चलते आपात स्थिति में फंसे व्यक्ति की मेडिकल रिपोर्ट को देखने या हेली एंबुलेंस के संबंध में जानकारी व अन्य जानकारियां प्राप्त करने के लिए अब वाट्सएप नंबर भी जारी किया है।